दिनांक- 27.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 628/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 27.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

  महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 27.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 628/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना महोबकंठ

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण, 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 72 किलोग्राम सरसों बरामद।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।
- थाना महोबकंठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 127/2026 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र महेश, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम दिदवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह द्वारा पुलिस टीम गठित की गई थी
- गठित टीम में सम्मिलित उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा, कां0 नितिन कुमार एवं रि0का0 अवनीश कुमार द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र उपरोक्त को आज दिनांक 27.08.2026 को ग्राम दिदवारा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के माल के रूप में 02 अदद बोरियों में कुल 72 किलोग्राम सरसों बरामद हुई। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण निम्नवत है-

वीरेन्द्र पुत्र महेश, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम दिदवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 127/2026 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरण-

02 अदद बोरियों में कुल 72 किलोग्राम सरसों बरामद

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. कां0 नितिन कुमार थाना महोबकंठ जनपद महोबा
3. रि0का0 अवनीश कुमार थाना महोबकंठ जनपद महोबा

